(b) According to the International Financial Statistics released by IMF in September, 81, India's share in total world exports during the year 1976 to 1980 is as under:—

Year	India's share in total world exports (Percentage)
1976 . . .	0.61
1977 . . .	0.62
1978 . . .	0.56
1979 . . .	0.52
1980 . . .	0.44

(c) and (d). According to the IMF data released in September, 1981 India's share in total exports of non-oil exporting developing countries during 1976 to 1980 is as under:—

Year	India's share in total exports of non-oil exporting developing countries (Percentage)
1976 . . .	4 17
1977 . . .	4.06
1978 . . .	3.75
1979 . . .	3.39
1980 . . .	2.79

The data on India's share in the exports of developing countries (non OPEC) in respect of the specific commodity/product groups are not available.

Trivandrum Airport handed over to IAAI

3416. SHRI A. NEELALOHITHA DASAN NADAR: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the Trivandrum Airport has already been handed over to the International Airport Authority of India

(b) if so, when it has been handed over; and

(c) if not, what is the reason for the delay in handing over the Trivandrum Airport to the International Airport Authority of India?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI A. P. SHARMA): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

(c) Airports declared as International Airports come within the management of International Airports Authority of India. Trivandrum is adequately connected by Indian Airlines Services both to Madras and Bombay which are international airports. In view of this, there is no proposal to declare Trivandrum as an international airport and to hand it over to International Airports Atuohirty of India.

मध्य प्रदेश में 3 स्टार होटलों का निर्माण

3417. **श्री केयूर भूषण :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय पर्यटन विकास निगम द्वारा मध्य प्रदेश पर्यटन विकास के सहयोग से मध्य प्रदेश में '3-स्टार' होटलों के निर्माण की योजना विचराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन हेतु किन किन स्थानों का चयन किया गया है;

(ग) क्या छत्तीसगढ में '3-स्टार' होटलों के लिये कुछ स्थानों का चयन करने के लिये भी कोई सर्वेक्षण किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री अनन्त प्रसाद शर्मा) : (क) और (ख). जी, हां । मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (एम० पी० एस० टी० डी० सी०) के सहयोग से भारत पर्यटन विकास निगम भोपाल में एक 60 कमरों वाले होटल के निर्माण पर विचार कर रही है । भारत पर्यटन विकास निगम और मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की लगभग बराबर साझेदारी के आधार पर एक नई कम्पनी द्वारा होटल का निर्माण किया जायेगा ।

मध्य प्रदेश राज्य में संयुक्त सैक्टर के अन्तर्गत होटल परियोजनाओं के निर्माण के लिये किन्हीं अन्य केन्द्रों का चुनाव नहीं किया गया ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में पर्यटक स्थलों का प्रचार

3418. **श्री केयूर भूषण** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय के पर्यटन विभाग ने मध्य प्रदेश के बारे में सामान्य रुचि की जानकारी दर्शाने वाले पोस्टर तथा पुस्तिकायें (फोल्डर) प्रकाशित की हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में पर्यटन क्षमता को ध्यान में रखते हुए ये प्रकाशन अपर्याप्त हैं ;

(ग) मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थलों का विदेशों में पर्यटन प्रचार करने के लिए भारत सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(घ) क्या मध्य प्रदेश पर एक रंगीन फिल्म फिल्माने की कोई योजना विचाराधीन है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी पूर्ण ब्यौरा क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री अनन्त प्रसाद शर्मा) : (क) पर्यटन विभाग ने अपने सतत प्रचार प्रकाशन कार्यक्रम के अंग के रूप में निम्नलिखित फोल्डर, ब्रोशर और पोस्टर, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य से सम्बन्धित सूचना दी गई है, प्रकाशित किए हैं :—

(i) खजुराहो फोल्डर

(ii) भोपाल-सांची—मांडू फोल्डर

(iii) इन्दौर डायरेक्टरी

(iv) जबलपुर डायरेक्टरी

(v) खजुराहो पोस्टर

(vi) सांची पोस्टर

(vii) खजुराहो डायरेक्टरी

उपर्युक्त के अतिरिक्त, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश पर 16-पृष्ठ का एक ब्रोशर प्रकाशित करने का कार्यक्रम है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) विज्ञापनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं, पर्यटक प्रचार साहित्य के वितरण, फिल्म प्रदर्शनों, श्रव्य-दृश्य प्रदर्शनों आदि के माध्यम से भारत सरकार पर्यटक कार्यालयों द्वारा विदेशों में मध्य प्रदेश के पर्यटक आकर्षणों को समुचित रूप से प्रचारित किया जाता है ।

(घ) जी, नहीं । केन्द्रीय पर्यटन विभाग राज्य-वार आधार पर फिल्में नहीं बनाता ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।